संक्षिप्त

संयुक्त मोर्चा पैनल ने नामांकन दाखिल किया

अजमेर(निसं)। रेलवे बीसीट इंस्टीट्यूट की कार्यकारिणी समिति के चुनाव के लिए नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन और ऑल इंडिया एससी-एसटी एंप्लाइज एसोसिएशन के संयुक्त पैनल ने नामांकन दाखिल किया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में ढोल-ढमाकों के साथ बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। मंडल सचिव मोहन चैलानी ने बताया कि पैनल में अनिल गौड़ (उपाध्यक्ष), कमल कुमार (सचिव), विजेंद्र चित्तौडिय़ा (कोषाध्यक्ष) और मुकेश कन्नौजिया (सहसचिव) ने नामांकन प्रस्तुत किया। संबोधन में यूनियन नेताओं ने वर्तमान कमेटी पर संस्थान की साख गिराने का आरोप लगाते हुए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का वादा किया।

दत्तात्रेय स्वामीजी की जयंती मनाई

मेड़ता सिटी, (निसं)। मेड़ता जेतारण चौकी के पास स्थित गोस्वामी समाज भवन में भगवान दत्तात्रेय स्वामीजी की जयंती समारोह मनाया गया। इस अवसर पर भगवान दत्तात्रेय स्वामीजी की आरती के साथ पूजा अर्चना की गई। उनकी तस्वीर के समक्ष माला व पुष्प चढ़ाए गए। इसके बाद चल रहे समाज के भवन निर्माण कार्य और समाज के विभिन्न विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान आए हुए गोस्वामी समाज के नागरिकों ने भगवान दत्तात्रेय स्वामीजी की जीवनी,महिमा के बारे में बताया। साथ ही दसनाम गोस्वामी समाज और सनातन धर्म पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान नवयुवक मंडल अध्यक्ष सुनील पुरी, दत्तात्रेय सेवा संस्थान के अध्यक्ष मदन पुरी, प्रभु पुरी, सूरज पुरी, ओम पुरी मेड़ता रोड़, महेंद्र पुरी लिलिया, सुरेश पुरी खेडुली, मोहित गिरी, राजू पुरी, सोहन पुरी, श्रवण पुरी लिलिया, भुवनेश्वर पुरी,राघव पुरी आदि मौजूद रहे।

नसीराबाद एडीएम की कार्रवाई

नसीराबाद, (निसं)। नसीराबाद उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव ने गुरुवार की सुबह शहर में औचक निरीक्षण करते हुए कई सरकारी दफ्तरों में कर्मचारियों की कम उपस्थिति पर नाराज़गी जताई। तहसील में 2, उपकोषाधिकारी कार्यालय में 1, विद्युत विभाग में 17 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। रोडवेज कार्यालय पर तो ताला तक लगा मिला। राजकीय चिकित्सालय में भी 1 कर्मचारी गैरहाज़िर पाया गया। देवीलाल यादव ने सभी विभागों की उपस्थिति पंजिका चेक कर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जनता के हित में संदेश दिया कि जो अधिकारी समय पर नहीं आएंगे, कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण

सरवाड़, (निसं)। उपखंड अधिकारी सुभाष चन्द्र हेमानी ने गुरुवार को सरकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। राजकीय पशु चिकित्सालय सरवाड़ एवं पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरवाड़ व क्रय विक्रय सहकारी समिति सरवाड़ का औचक निरीक्षण किया गया।

जिला कलेक्टर ने किया पीएम श्री बालिका विद्यालय का निरीक्षण

अजमेर (निसं)। जिला कलेक्टर लोकबंधु ने गुरुवार को पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलाब बाड़ी का निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित व्यवस्थाओं एवं शैक्षिणक गतिविधियों का अवलोकन किया।

■ **जिला कलेक्टर ने शाला दर्पण लर्निंग ऐप के प्रभावी उपयोग करने के निर्देश दिए**

जिला कलेक्टर ने शाला दर्पण लर्निंग ऐप के प्रभावी उपयोग करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सीखने की दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटल संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्यालय की आईसीटी लैब को पूर्णत: क्रियाशील रखने के निर्देश देते हुए कहा कि तकनीकी संसाधनों का उपयोग शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को उन्नत बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बास्केटबॉल कोर्ट का निरीक्षण कर छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं अन्य सहगामी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर, कक्षाओं और प्रयोगशालाओं का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित वोकेशनल लैब्स का जायजा लिया और लैब में बच्चों को सिखाई जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी ली।

जिला कलेक्टर ने अक्षयपात्र द्वारा मिड-डे मील योजनान्तर्गत परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं को भोजन ग्रहण करते समय स्वच्छता का पालन करने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नवाचार की भावना विकसित करने के लिए वेस्ट टू बेस्ट जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए। इससे बच्चों में कौशल एवं कलात्मक समझ का विस्तार होगा।

उन्होंने विद्यालय में छात्राओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने को निर्देशित किया, उन्होंने निर्देश दिए कि जिन छात्राओं में एनीमिक एवं कुपोषण के लक्षण पाए जाएँ। उनके अभिभावकों को जागरूक किया जाए तथा उन्हें आयरन युक्त आहार, स्वच्छ पेयजल, संतुलित पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी जाए।

उन्होंने विद्यालय में स्वच्छता एवं साफ-सफाई की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने छात्राओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए शौचालय, पेयजल व्यवस्था तथा हाइजीन सुविधाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने युवा साथी केंद्र के माध्यम से विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उचित मार्गदर्शन मिलने से छात्राएं अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार सही करियर चुन सकेंगी। उन्होंने विद्यालय की लाइब्रेरी का भी निरीक्षण कर पुस्तकों की उपलब्धता, पठन-पाठन संस्कृति और नियमित लाइब्रेरी उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनीता मीना सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्कूली बच्चों के वाहनों की जांच

ब्यावर (निसं) नरेन्द्र सिंह, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार भूपेन्द्र शर्मा, आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राजेश कसाणा आरपीएस पुलिस अधीक्षक एवं गजराज पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना सदर के सुपरविजन में कार्यवाही करते हुऐ क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों ईको कार में परिवहन करने पर जब्त किया गया तथा आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया गया। गौरतलब है की पुलिस थाना सदर पर 03.दिसंबर को गश्त के दौरान सूचना मिली कि स्कूली बच्चों को लाने व ले जाने वाला वाहन चालक अपने क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाकर ले जाता है जिससे हादसा होने की संभावनी रहती है। पुलिस टीम द्वारा बलाड़ रोड जाकर वाहन ईको कार नम्बर आरजे 36 सीबी 4389 को रुकवाकर चैक किया। वेन में 26 स्कूली बच्चो बिठा रखा था, जबकि उक्त वाहन में मात्र 05 व्यक्तियों के परिवहन करने की क्षमता होती है। वाहन कार को चालक शहजाद आलम पुत्र शफीक शाह उम्र 29 साल निवासी आर. के. नगर गढ़ी थोरियान द्वारा चलाया जाना पाया गया।

NAME CHANGE

I Rajas Mother of Army No.15745861F, Sigmn, Savant Dipak Vana Residing at Gudhe, Bhadagaon, Jalgaon, M.H.421407 have change my name from Rajas to Rajas Vana Savant vide affidavit no. BZ 922356 dt 03/12/2025 at court campus Nasirabad

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कैरिज अजमेर द्वारा खुली **ई-निविदा संख्या: कैरिज-38-2025 दिनांक 03.12.2025** को आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेंडर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **कार्य का नाम एवं स्थान:** "कैरिज वर्कशॉप में पेंट बूथ का पूरा AMC और ऑपरेशन"। **अनुमानित लागत:** रु 2,43,09,734.40. **टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट:** रु.00/-. **बयाना राशी:** रु.2,71,600/-. **ई-टेंडर फॉर्म जमा करने का समय व तारीख:** दिनांक 26.12.2025 समय 15:00 बजे तक। **वेब साइट का विवरण: www.ireps.gov.in पात्रता मानदंड:**लागु। **नोट:** टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट एवं बयाना राशी केवल की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे सुविधा द्वारा ऑनलाइन जमा किये जाने।IREPS है। 1561-AR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

राजगढ़ धाम में स्तंभ की 23वीं वर्षगांठ को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण

अजमेर/राजगढ़(निसं)। श्री मसाणिया भैरव धाम में आगामी 25 दिसंबर को सर्वधर्म मनोकामना पूर्ण स्तंभ की 23वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम की शांति एवं सुचारू व्यवस्थाओं को लेकर उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव की अध्यक्षता में प्रशासनिक बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में धाम व्यवस्थापक की ओर से मांग-पत्र सौंपा गया। उपखंड अधिकारी ने सभी विभागों को समय पर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। पार्किंग स्थल चयन, पुलिस-यातायात व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं और भीड़ प्रबंधन पर विशेष चर्चा की गई। तहसीलदार नसीराबाद को मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

■ **श्री मसाणिया भैरव धाम में 25 दिसंबर को सर्वधर्म मनोकामना पूर्ण स्तंभ की 23वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी**

अधिकारियों ने सफल आयोजन का भरोसा दिलाया। उपखण्ड अधिकारी नसीराबाद ने बैठक में संबंधित विभागों को मेले से जुड़े सभी आवश्यक कार्यो को वर्षगांठ से पूर्ण पालना करने के लिए निर्देश दिये गये। बैठक में विशेष रूप से पीडब्ल्यूडी, पुलिस व चिकित्सा व्यवस्था को लेकर काफी चर्चा की गई। पुलिस व यातायात व्यवस्था के माकूल इंतजाम के साथ वाहनों का एकतरफा यातायात व्यवस्था पर जोर दिया गया जिससे भीड़ की अधिकता होने से जाम की स्थिति उत्पन्न ना हो जिसके लिये उपखण्ड़ अधिकारी व वृत्ताधिकारी नसीराबाद ने संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान वाहनों की पार्किंग हेतु स्थानो का चयन किये गये। उपखण्ड अधिकारी ने तहसीलदार नसीराबाद को मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। 23वी वर्षगाँठ के कार्यक्रम को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने तथा कानून व शांति व्यवस्थाओ को लेकर चंपालाल महाराज मुख्य उपासक भैरव धाम राजगढ़ के सानिध्य व देवीलाल यादव उपखण्ड़ अधिकारी नसीराबाद की अध्यक्षता में प्रशासनिक बैठक हुई, जिसमें संबंधित सभी विभागो के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में धाम के व्यवस्थापक ओम प्रकाश सेन के द्वारा संबंधित कार्यो को लेकर मांग-पत्र उपखण्ड़ अधिकारी नसीराबाद को दिया गया। धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि बैठक में देवीलाल यादव उपखण्ड अधिकारी नसीराबाद, कृष्ण कुमार यादव वृत्ताधिकारी नसीराबाद, महेश चौधरी बीड़ीओ श्रीनगर, राकेश किराड़ नायब तहसीलदार नसीराबाद, डॉ प्रमोद कुमार बी.सी.एम.ओ श्रीनगर, मदन कुमार सिंह बी.पी.ओ श्रीनगर, विजय राज सहायक उप निरीक्षक सीआईडी जोन युनिट नसीराबाद, प्रीति बघेल कनिष्ठ अभियन्ता सराधना, लालाराम कनिष्ठ अभियंता पीएचईडी, हरी राठी सहायक उप निरीक्षक, रतन लाल सेन आयुर्वेद विभाग, आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ता के साथ मारपीट को लेकर रोष

भीलवाड़ा(निसं)। अधिवक्ता राकेश चंद्र भाम्भी के साथ 1 दिसंबर को आजाद नगर निवासी श्याम लाल गुर्जर व उसके लड़के राघव द्वारा रुपए की बात को लेकर मारपीट की गई इसको लेकर प्रताप नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया इस बात से खफा होकर श्यामलाल गुर्जर द्वारा अपने दो-तीन आदमियों को भेजकर कोर्ट परिसर में अधिवक्ता राकेश भाम्भी को धमकाया गया इसको लेकर आज जिला अभिभाषक संस्था द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव से मिलकर मुल्जिमो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई। ज्ञापन देने में जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष राजेश जी शर्मा कोषाध्यक्ष उदय लाल शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश सिंह जी राठौड़, ओमप्रकाश लड्ढा, आदि मौजूद रहे।

जिला स्तरीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

ब्यावर (निसं)। भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में 15 दिवसीय जिला स्तरीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन हवन के साथ पूर्ण हुआ। मीडिया प्रभारी प्रवीण मंगल ने बताया कि योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में 22 सहयोग शिक्षको ने प्रशिक्षण लिया और लिखित परीक्षा भी दी। ये शिक्षक अब क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर योग कक्षाओं का संचालन करेंगे तथा लोगों को योग की बारीकियां सिखाएंगे। समापन के अवसर पर जिला भारत स्वाभिमान प्रभारी ओमप्रकाश मेहर ने बताया कि 100 घंटे का योग प्रशिक्षण सहयोग शिक्षकों ने लिया तथा आगामी दिनों में मुख्य योग शिक्षक का प्रशिक्षण पतंजलि हरिद्वार में दिया जाएगा। जिला युवा प्रभारी रामस्वरूप पाटीदार ने बताया कि आज के समय में युवाओं को योग के प्रति जागरूक होना जरूरी है साथ ही स्वस्थ रहने के लिए लोगों को योग करना चाहिए। योगाचार्य बृजेश कुमार मेहर ने सभी योग शिक्षकों को योग कक्षा संचालन किस प्रकार से किया जाए इस बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम का संचालन सह जिला प्रभारी हंस राज पांचाल द्वारा किया गया।पूर्व तहसील प्रभारी दानवीर कसेरा द्वारा जिला समिति पदाधिकारियों के सहयोग से पांच सदस्यों को नवीन दायित्व प्रधान किए गए।

नई चौपाटी पर अव्यवस्थाओं से पर्यटक व आमजन परेशान

अजमेर(निसं)। रीजनल कॉलेज तिराहा के पास बनी नई चौपाटी पर पिछले कई समय से स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी होने के कारण क्षेत्र अंधकारमय बना हुआ है। इस कारण असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की आशंका हमेशा बनी रहती है, जिससे आमजन की सुरक्षा पर खतरा मंडराता रहता है।

महावीर इंटरनेशनल रीजन-3 के जोन के डिप्टी डायरेक्टर (प्रचार-प्रसार) कमल गंगवाल, महावीर इंटरनेशनल अजयमेरु, अजमेर के प्रवक्ता विजय पांड्या तथा सीए प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री सीए विकास अठावाल ने बताया कि अंधेरा रहने

■ **लाइटें बंद रहने के कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता**

से यहां घूमने आने वाले स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों को असुविधा होती है।

लाइटें बंद रहने के कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि चौपाटी क्षेत्र के आसपास आनासागर के किनारे बढ़ती गंदगी, लंबे-लंबे पाइपों का अव्यवस्थित रूप से पड़े रहना, टूटी हुई बेंचें तथा मुख्य प्रवेश द्वार पर ताले लगे रहने जैसी समस्याएं भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। इन अव्यवस्थाओं के कारण चौपाटी की सुंदरता प्रभावित हो रही है और बाहरी पर्यटकों पर शहर की नकारात्मक छवि बन रही है।

गंगवाल ने कहा कि जिस उद्देश्य से यह चौपाटी बनाई गई थी, वह अव्यवस्थाओं के कारण सार्थक नहीं हो पा रही है। आमजन की सुविधा एवं शहर की छवि को ध्यान में रखते हुए इन समस्याओं का शीघ्र समाधान आवश्यक है।

'ओवरस्पीड से बचने के लिए वाहनों की गति को नियंत्रित करे सरकार'

भीलवाड़ा, (निसं)। सांसद दामोदर अग्रवाल ने नियम 377 के तहत लोक सभा मे उठाया लोकहित का महत्वपूर्ण मुद्दा चौपहिया वाहन निर्माता कंपनी वाहन की स्पीड को सरकारी नियंत्रण रेखा के अधीन ही रखनी चाहिए। जिससे सडक दुर्घटनाओं में कमी आएगी। वर्ष 2024 में हुई दुर्घटनाओं में 58 प्रतिशत घटना तेज गति के कारण हुई जिससे 101841 लोगो की जान गई । सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल ने लोकसभा में भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र की जनता से जुड़े एक महत्वपूर्ण लोकहित के मुद्दे सड़क मार्ग पर होने वाली तेज रफ्तार दुर्घटनाओं पर कमी लाने के लिए कार निर्माता कंपनियों को कारो में स्पीड को सरकारी नियमों के तहत ही रखनी चाहिये। अग्रवाल ने आज संसद में नियम 377 के

■ **अग्रवाल ने आज संसद में नियम 377 के तहत प्रभावी रूप से यह मुद्दे को उठाया**

तहत प्रभावी रूप से यह मुद्दे को उठाया की सरकारी नियमों के अनुसार वाहनों की अधिकतम सीमा 120 किलोमीटर प्रति घण्टा निर्धारित कर रखी है तो वाहन निर्माता कंपनी वाहनों मे 200 तक कि स्पीड क्यू रखती है। सरकार को यह कानून बनाना चाहिए कि वाहन निर्माता कंपनी वाहनों में अधिकतम गति 120 की रखे जिससे सड़क हादसों में काफ़ी हद तक कमी आएगी। अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं को राष्ट्रीय मंच पर मजबूती से रखने का निरंतर प्रयास जारी है।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर 7 को

अजमेर(निसं)। श्री हनुमान शक्ति जागरण समिति एवं रेडक्रॉस सोसाइटी अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार प्रात: 11 बजे जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के पास स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी भवन में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष आनंद प्रकाश गोयल ने बताया कि शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. राजेंद्र हेडा, अशोक विहार आंखों की जांच कर उचित परामर्श देगें तथा दवाइयां एवं चश्मे भी नि:शुल्क दिए जाएंगे।

जनरल फिजिशियन के रूप में डा. मधु विजयवर्गीय अपनी सेवाएं देंगी, जिसमें सभी के स्वास्थ्य की जांच एवं चिकित्सा की जाएगी। समिति के महासचिव अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर मंदिरों के अर्चक पुरोहितों की भी स्वास्थ्य जांच के साथ साथ सम्मान कर दक्षिणा दी जाएगी।

शत पुरश्चरण गायत्री महायज्ञ भूमि पूजन हेतु बैठक

ब्यावर (निसं) आचार्य प्रखर मुनि द्वारा पुष्कर में 8 मार्च से 19 अप्रेल 2026 तक आयोजित होने वाले शत पुरश्चरण गायत्री महायज्ञ हेतु 5 दिसंबर 2025 को होने वाले भूमि पूजन हेतु पुष्कर प्रस्थान करने हेतु बैठक ब्यावर स्थित परशुराम भवन में संपन्न हुई। बैठक में जिले से अधिक से अधिक ब्राह्मण बंधुओं ने इस कार्यक्रम के शुभारंभ में सम्मिलित होने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। ब्राह्मण बंधुओ ने पुष्कर चलने की सहमति प्रकट की। बैठक में डॉ एमएल शर्मा,रमेश शर्मा , रमेश आचार्य, सत्यनारायण दूत , मनोज शर्मा, योगेश चंद्र पंचोली, राजेश शर्मा बाबा, शम्भू दयाल व्यास , हेमन्त लाटा

■ **बैठक में जिले से अधिक से अधिक ब्राह्मण बंधुओं ने इस कार्यक्रम के शुभारंभ में सम्मिलित होने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया**

,मुकेश शर्मा ,ओम प्रकाश शर्मा , योगेश शर्मा, उमाकांत द्विवेदी, अरुण भारद्वाज, सी.पी.अग्निहोत्री, अनिल भोजक , सुनील शर्मा संजय भार्गव, संदीप भार्गव, घनश्याम उपाध्याय,यज्ञेश शर्मा,भुवनेश शर्मा, हिमांशु शर्मा रामस्वरूप शर्मा,एवं बड़ी संख्या में ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा में लाखों लोगों ने किया एनएफएसए लाभ का त्याग

भीलवाडा(निसं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा प्रारंभ किया गया 'गिव अप अभियान' रोज नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भीलवाड़ा जिले ने इस अभियान में अव्वल रहते हुए अबतक 2 लाख 24 हजार 705 लोगों से 'गिव अप' करवाकर ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है।

जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि ईकेवाईसी के माध्यम से 76 हजार 587 लोग भी एनएफएसए योजना से हटे हैं। इस प्रकार कुल 301292 अपात्र लोगों को एनएफएसए योजना से हटाया गया। इन अपात्र लोगो के हटने से 248555 पात्र किन्तु वंचित लोगों को एनएफएसए योजना में जोड़ने में जिले को सफलता मिली है। एक ओर जहां एनएफएसए योजना से हटाये लोगों पर वहन होने वाली खाद्य, गैस, बीमा, चिकित्सा सब्सिडी से बचत होगी वहीं दूसरी ओर नये एनएफएसए लाभार्थियों को इन चार योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। 'गिव अप' योजना के तहत चार पहिया वाहन मालिकों, सरकारी कार्मिकों, आयकर दाताओं तथा 01 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले लोगों ने एनएफएसए लाभ का त्याग कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया है। 'गिवअप' अभियान ने समाज में जागृति पैदा की है एवं लोग भारी संख्या में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन 'गिव अप' कर सामाजिक कत्तर्व्य का निर्वहन कर मिसाल कायम कर रहे हैं। इस अभियान में समाज के हर वर्ग के लोगों, जनप्रतिनिधियों एवं सोशियल, प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। खाद्य विभाग के कार्मिकों एवं उचित मूल्य दुकानदारों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में यह योजना 31 दिसम्बर 2025 तक के लिए है। 31 दिसम्बर 2025 तक स्वेच्छा से गिव अप नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों से 01 जनवरी 2026 से 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोठाम गेहूँ की दर से खाद्यान्न वसूली की जायेगी।

जिला बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुक़ाबला

ब्यावर (निसं) ब्यावर जिला बार एसोसिएशन के चुनाव नांमाकन और वापसी के बाद तीन खिलाड़ी मैदान में रहे। अध्यक्ष पद के लिए तीन में चुनावी संठााम होगा। अध्यक्ष पद हेतु बार के वरीष्ठ अभिभाषक एडवोकेट सुनील कौशिक, युवा अभिभाषक राकेश प्रजापति, अभिभाषक कृष्ण प्रकाश सिंह रावत के बीच मुक़ाबला होगा। नाम वापसी के दिन अप्रत्याशित रूप से तुषार दुबे के नाम वापस ले लिया है। उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट जसवंत सिंह, राजकुमारी तँवर, ऋषिराज सिंह चौहान में त्रिकोणीय मुक़ाबला होगा। सचिव पद पर एडवोकेट नरेंद्र प्रसाद, नितेश वर्मा, श्याम प्रताप सिंह, बलवंत सिंह चौहान, सहसचिव पद पर एडवोकेट शंभू यादव, सुरेन्द्र चानिया, हेमन्त कुमार चंदेल में त्रिकोणीय मुकाबला होगा। कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट रविंद्र कुमार मेडतवाल और भरत कुमार साँखला में सीधी टक्कर होगी। पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट वीरेन्द्र गौड़ ओर अर्पित छाजेड में सीधा मुक़ाबला है। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में एडवोकेट रवि टाँक, मुकेश लखन,ललित सिंह, शौरभ कोठारी , आशीष शर्मा, सुरेश चन्द्र, गोविन्द अग्रवाल, निशा धवन मैदान में है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट दिलीप सिंह गोरा, सहायक चुनाव अधिकारी मगन सौलंकी, जितेंद्र सिंह पंवार, आदि मौजूद रहे।

NAME CHANGE

I Neeraj Devi Wife of Army No.14655082F, Hav, Ajeet Singh Chauhan Residing at Raghunathpur, Jalalabad, Shanjahanpur, U.P. 242220 have change my name from Neeraj Devi to Neeraj Chauhan vide affidavit no. BZ 922353 dt 03/12/2025 at court campus Nasirabad

नाम परिवर्तन

मैं, रामराज पुत्र गोविन्द निवासी कायड अजमेर का रहने वाला हूँ, यह की वर्तमान मे मेरी पुत्री का नाम Matiya(मतिया) है, भविष्य में मेरी पुत्री को Kushi Gurjar (खुशी गुर्जर) के नाम से जाना व पहचाना जावे।

अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की गणेश गुवाड़ी योजना के भूखण्ड संख्या जी-150 क्षेत्रफल 50 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री मदनलाल जीनगर पुत्र श्री हरलाल जीनगर निवासी सदर बाजार, गंगापुर (भीलवाड़ा) द्वारा वसीयत (अंपजीकृत दिनांक 06.12.2022) श्री सम्पतलाल जीनगर पुत्र श्री मदन लाल जीनगर सिविल लाईन अजमेर द्वारा जरिए वसीयत के आधार पर लीज डीड हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त लीज डीड जारी किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम जरिए मुख्तयारनामा के लीज डीड जारी करने की कार्यवाही जायेगी।

-उपायुक्त, अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अंतरिति के मूल पट्टा गुम हो जाने पर लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी करने के क्रम में

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की पंचशील नगर आवासीय योजना का भूखण्ड सं. ए 274 (ए ब्लॉक), जोकि श्री दीपक कुमार पुत्र श्री किशन चन्द, डी - 12, फेण्ड्स कॉलोनी, वैशाली नगर, अजमेर का क्रयशुदा भूखण्ड है व उक्त भूखण्ड जिसका नामांतरण भी उनके नाम पर प्राधिकरण में दर्ज है यह कि उक्त भूखण्ड की मूल लीज डीड (पट्टा) कही गुम हो गयी है जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट - एल. आर. नं. 2977233/2025 दिनांक 04.12.2025 को उनके द्वारा दर्ज करवा दी गयी है। यह कि उक्त भूखण्ड के बाबत उनके द्वारा लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी करवाने बावत आवेदन किया गया है इस बाबत किसी को भी किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस में प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे अन्यथा उनके हक में फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा ।

-उपायुक्त (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की अर्जुन लाल सेठी नगर योजना के आवासीय आवास गृह संख्या 377 क्षेत्रफल 40.00 वर्गमीटर के अन्तरित श्री हरि विलास माहेश्वरी पुत्र श्री रामगोपाल माहेश्वरी निवासी माहेश्वरी मोहल्ला दिलवाड़ा, नसीराबाद, अजमेर की मृत्यु दिनांक 24/10/2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व राजस्व रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश: 1. श्रीमती चन्द्रकांता माहेश्वरी पत्नि स्व. श्री हरि विलास माहेश्वरी 2. दिशा माहेश्वरी आयु 10 वर्ष 3. दक्ष माहेश्वरी आयु 10 वर्ष पुत्री/पुत्र स्व. श्री हरि विलास माहेश्वरी निवासी दिलवाड़ा, अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामांतरण किये जाने के सम्बंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें । उक्त नियत अवधि के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी,अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: ननिअ/2025-26/एम.बी./475 आपत्ति सूचना दिनांक-12/11/25

श्री मुकेश नाहर पुत्र श्री विजय चन्द नाहर निवासी जाटियावास मदार गेट, अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति ए.एम.सी. नं. 727/16 नया 946/8 का भाग है जो वाके मारूफ समीर सराय न्यू मैजेस्टिक सिनेमा के पास सिनेमा रोड पडाव अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 52.85 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है -

पूर्व- सडक आम पश्चिम- शेष भाग जावदाद मारूफ समीर सराव

उत्तर- सडक आम दक्षिण- सदर दरवाजा जावदाद मारूफसमीर सराय

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपुनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.प.वि/निमार्ण रवी./2025/4847 आम सूचना दिनांक :01-12-25

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान नि